# वाराणसी विकास प्राधिकरण, वाराणसी

## प्रेस विज्ञप्ति

**आज़ादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत 'हर घर तिरंगा' कार्यक्रम में वाराणसी विकास प्राधिकरण लगायेगा 06 विशालकाय हाट एयर बलून स्थापित किया जायेगा 200 फीट ऊंचा राष्ट्रीय ध्वज, पीएमएवाई हरहुआ में 15.08.2022 को होगा काईट फेस्टिवल, कार्यक्रम हेतु बनी व्यापक कार्ययोजना।**

---

- आज दिनांक 08.08.2022 को आज़ादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत दिनांक 11 से 17 अगस्त, 2022 तक व्यापक जन सहभागिता से 'हर घर तिरंगा' कार्यक्रम के आयोजन हेतु उपाध्यक्ष महोदया द्वारा प्राधिकरण के समस्त उच्चधिकारियों के साथ विस्तृत बैठक की गयी तथा कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु व्यापक कार्ययोजना बनायी गयी है, जिसके अंतर्गत प्राधिकरण द्वारा कार्यक्रम के दौरान निम्नलिखित कार्यवाहियाँ संपादित की जायेगी:-
- प्राधिकरण द्वारा कार्यालय भवन पर दिनांक 11 से 17 अगस्त, 2022 के मध्य प्रत्येक दिन राष्ट्रीय ध्वज फहराने हेतु निर्धारित प्रोटोकाल का पालन करते हुये फहराया जाना सुनिश्चित किया जायेगा, कार्यालय भवन एवं नियंत्रणाधीन महत्वपूर्ण स्थलों पर दिनांक 13 से 15 अगस्त, 2022 के मध्य तिरंगा रंग आधारित लाइटिंग से आकर्षक सज्जा की जायेगी।
- प्राधिकरण द्वारा कार्यरत अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अपने निज निवास स्थलों पर दिनांक 11 से 17 अगस्त, 2022 के मध्य प्रत्येक दिन राष्ट्रीय ध्वज फहराने हेतु निर्धारित प्रोटोकाल का पालन करते हुये फहराया जाना सुनिश्चित किया जायेगा, इस हेतु प्राधिकरण द्वारा कार्मिकों को मानक राष्ट्रीय ध्वज प्राधिकरण की ओर से उपलब्ध कराया जायेगा।
- प्राधिकरण द्वारा बैंकों के सहयोग से मानक आकार राष्ट्रीय ध्वज स्वयं सहायता समूह से तैयार कराते हुये प्राधिकरण को उपलब्ध कराया जायेगा, जिनका निःशुल्क वितरण प्राधिकरण द्वारा विभिन्न माध्यमों से अलग अलग जन समूहो के मध्य किया जायेगा।
- - प्राधिकरण में विभिन्न उद्देश्यों से आने वाले आगंतुकों एवं आम जनमानस को राष्ट्रीय ध्वज एवं हरी भरी काशी अभियान के अंतर्गत पौधा उपहार स्वरूप प्रदान किया जायेगा।
- - संत गुरु रविदास पार्क एवं स्मारक तथा पड़ाव स्थित पं. दीन दयाल उपाध्याय स्मारक पार्क में आने वाले आगंतुकों को टिकट काउंटर के माध्यम से राष्ट्रीय ध्वज एवं हरी भरी काशी अभियान के अंतर्गत पौधा उपहार स्वरूप प्रदान करते हुये राष्ट्रीय ध्वज फहराने हेतु तथा पौधरोपण करने हेतु प्रेरित किया जायेगा।
- - लालपुर आवासीय योजना तथा लैंडमार्क टावर बहुमंजिला आवासीय योजना में आवंटियों / रहवासियों को प्रोत्साहित करते हुये दिनांक 11 से 17 अगस्त, 2022 के मध्य प्रत्येक दिन राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाना सुनिश्चित किया जायेगा, इस हेतु प्राधिकरण द्वारा निर्माण अनुभाग की टीम के माध्यम से राष्ट्रीय ध्वज निःशुल्क वितरित किए जायेंगे।
- - रामनगर आवासीय योजना में आवंटियों / रहवासियों को प्रोत्साहित करते हुये दिनांक 11 से 17 अगस्त, 2022 के मध्य प्रत्येक दिन राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाना सुनिश्चित किया जायेगा, इस हेतु प्राधिकरण द्वारा निर्माण अनुभाग की टीम के माध्यम राष्ट्रीय ध्वज निःशुल्क वितरित किए जायेंगे।
- - प्राधिकरण की भवन अनुभाग की टीम द्वारा अपने अधीनस्थ वार्डों में निःशुल्क राष्ट्रीय ध्वज का वितरण आम जनमानस के मध्य करते हुये उन्हें राष्ट्रीय ध्वज फहराने हेतु निर्धारित प्रोटोकाल के विषय में जानकारी प्रदान की जायेगी तथा दिनांक 11 से 17 अगस्त, 2022 के मध्य प्रत्येक दिन उन्हें राष्ट्रीय ध्वज फहराने हेतु प्रेरित किया जायेगा।
- प्राधिकरण द्वारा 06 स्थलों यथा प्राधिकरण कार्यालय, संत गुरु रविदास पार्क एवं स्मारक तथा पड़ाव स्थित पं. दीन दयाल उपाध्याय स्मारक पार्क एवं लालपुर आवासीय योजना, दशाश्वमेध प्लाजा एवं पद्म विभूषण गिरिजा देवी सांस्कृतिक संकुल पर हाट एअर बैलून स्थापित किए जायेंगे जिनके माध्यम से 'हर घर तिरंगा' कार्यक्रम का व्यापक प्रचार प्रसार किया जायेगा।
- प्राधिकरण द्वारा 10 स्थलों यथा प्राधिकरण कार्यालय, संत गुरु रविदास पार्क एवं स्मारक तथा पड़ाव स्थित पं. दीन दयाल उपाध्याय स्मारक पार्क, लालपुर आवासीय योजना, दशाश्वमेध प्लाजा, पद्म विभूषण गिरिजा देवी सांस्कृतिक संकुल, प्रधानमंत्री आवास योजना इत्यादि स्थलों पर होर्डिंग स्थापित किए जायेंगे जिनके माध्यम से 'हर घर तिरंगा' कार्यक्रम का व्यापक प्रचार प्रसार किया जायेगा।

- आज़ादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत दिनांक 15.08.2022 को प्रधानमंत्री आवास योजना हरहुआ पर काईट फेस्टिवल का आयोजन किया जायेगा।
- प्राधिकरण द्वारा दिनांक 11 से 14 अगस्त, 2022 के मध्य जन प्रतिनिधियों के माध्यम से विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास कराया जायेगा तथा कार्यक्रम में जन प्रतिनिधियों के माध्यम से निःशुल्क राष्ट्रीय ध्वज का वितरण आम जनमानस के मध्य करते हुये उन्हें राष्ट्रीय ध्वज फहराने हेतु निर्धारित प्रोटोकाल के विषय में जानकारी प्रदान की जायेगी तथा दिनांक 11 से 17 अगस्त, 2022 के मध्य प्रत्येक दिन उन्हें राष्ट्रीय ध्वज फहराने हेतु प्रेरित किया जायेगा।
- प्राधिकरण द्वारा स्वीकृत समूह आवास योजनाओ, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों एवं पेट्रोल पंप इत्यादि पर विकासकर्ताओं की सहभागिता से दिनांक 11 से 17 अगस्त, 2022 के मध्य प्रत्येक दिन राष्ट्रीय ध्वज फहराने हेतु निर्धारित प्रोटोकाल का पालन करते हुये फहराया जाना सुनिश्चित किया जायेगा
- प्राधिकरण द्वारा विभिन्न स्वयं सहायता समूहों, सामाजिक संस्थाओं एवं एनजीओ के माध्यम से दिनांक 10 से 12 अगस्त 2022 के मध्य 04 स्थलों (प्राधिकरण कार्यालय, संत गुरु रविदास पार्क एवं स्मारक तथा पड़ाव स्थित पं. दीन दयाल उपाध्याय स्मारक पार्क एवं लालपुर आवासीय योजना) पर स्टाल लगाकर आम जन मानस को तिरंगा वितरण / विक्रय कराया जायेगा।
- प्राधिकरण द्वारा विभागीय वेबसाइट, विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफार्म, स्थापित डिजिटल डिस्प्ले बोर्ड पर आम जन मानस को राष्ट्रीय ध्वज फहराने हेतु निर्धारित प्रोटोकाल के विषय में जानकारी प्रदान की जायेगी तथा दिनांक 11 से 17 अगस्त, 2022 के मध्य प्रत्येक दिन उन्हें राष्ट्रीय ध्वज फहराने हेतु प्रेरित करने के संदेश प्रसारित किया जायेगा।
- प्राधिकरण कार्मिकों द्वारा 15 अगस्त 2022 को प्राधिकरण कार्यालय में तथा 17 अगस्त 2022 को लालपुर आवासीय योजना में वृहद वृक्षारोपण किया जाना सुनिश्चित किया गया है।
- उपरोक्त समस्त कार्यों के सफल क्रियान्वयन हेतु उपाध्यक्ष महोदया द्वारा प्राधिकरण के अधिकारियों के मध्य जिम्मेदारियों का बंटवारा किया गया है तथा आम जनमानस से अपील की गयी है कि आज़ादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत दिनांक 11 से 17 अगस्त, 2022 तक व्यापक जन सहभागिता से 'हर घर तिरंगा' कार्यक्रम के आयोजन को सफल बनाये।





